



# समसामयिक महत्वपूर्ण तथ्य


- दिल्ली विधान सभा के लिए फरवरी 2015 में सम्पन्न चुनावों में किस राजनीतिक दल को सर्वाधिक स्थानों (67) पर विजय प्राप्त हुई ? **– आम आदमी पार्टी (AAP)**
- अमरीका के संगीत के क्षेत्र के प्रसिद्ध ग्रैमी अवार्ड किन दो भारतीयों ने फरवरी 2015 में जीते ? **– रिकी केज और नीला वासवानी**
- भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बच्चों को पेट के कीडों से सुरक्षित करने के लिए किस दिनांक को फरवरी 2015 में 'राष्ट्रीय कृमि रहित दिवस (National Deworming Day) के रूप में मनाने का निर्णय किया है ? **– 10 फरवरी**
- भारत के किस टेनिस खिलाड़ी ने मार्टिना हिंगिस के साथ खेलकर 2015 के आस्ट्रेलियन ओपन का मिश्रित युगल खिताब जीता ? **– लिएंडर पेस**
- किस देश ने आस्ट्रेलिया में फरवरी 2015 में एशियन (Asian) कप फुटबाल प्रतियोगिता दक्षिण कोरिया को फाइनल में हराकर जीती? **– आस्ट्रेलिया**
- भारत की बैडमिंटन की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के पुरुषों के लिए रहीमतुला कप तथा महिलाओं के लिए चड्ढा कप क्रमशः किन टीमों ने फरवरी 2015 में जीते ? **– एयर इंडिया (रहीमतुला कप) एवं पैट्रोलियम स्पोर्टस् प्रोमोशन बोर्ड (चड्ढा कप)**
- आस्ट्रेलिया ओपन टेनिस–2015 के पुरुष एवं महिला एकल खिताब क्रमशः किसने जीते ? **– नोवाक जोकोविच तथा सेरेना विलियम्स**
- गोरखा नेशनल लिबरेशन फ्रंट (GNLF) के किस संस्थापक नेता का जनवरी 2015 में देहांत हो गया ? **– सुभाष घीसिंग**
- सऊदी अरब में किंग अब्दुल्ला के निधन के बाद जनवरी 2015 में किसे नया सुल्तान (King) बनाया गया है ? **– सलमान बिन अब्दुल अजीज**
- जनवरी 2015 में, कोलकाता में सीनियर राष्ट्रीय स्नूकर प्रतियोगिता के पुरुष एवं महिला खिताब क्रमशः किसने जीते ? **– पंकज आडवाणी एवं अमी कमानी**
- दो लाख रुपए का पहला खुशवन्त सिंह मेमोरियल प्राइज किस कवियत्री को उनकी रचना व्हेन गॉड इज ए ट्रैवलर (When God is a Traveller) के लिए जनवरी 2015 में प्रदान किया गया ? **– अरुंधति सुब्रमण्यम**
- सोनिया गांधी के जीवन पर आधारित जेवियर मोरो द्वारा लिखित कौनसी पुस्तक जनवरी 2015 में भारत में बिक्री के लिए जारी की गयी? **– द रेड साड़ी (The Red Sari)**
- भारत की संगीत नाटक अकादमी का नया अध्यक्ष जनवरी 2015 में किसे नियुक्त किया गया है ? **– शेखर सेन**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा में पानीपत में 22 जनवरी, 2015 को भारत में लिंगानुपात कम करने के लिए कौनसा राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रारम्भ किया ? **– बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ**
- दक्षिण अफ्रीका के किस क्रिकेट खिलाडी ने 18 जनवरी, 2015 को वेस्टइंडीज के विरुद्ध जौहन्सबर्ग में खेलते हुए 31 गेंदों में शतक बनाकर एकदिवसीय मैचों में सर्वाधिक तेज गति से शतक बनाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया ? **– एबी डी विलियर्स (AB de Villiers)**
- साहित्य के क्षेत्र में दिया जाने वाला हिन्दू प्राइज 2014 अशोक श्रीनिवासन की किस पुस्तक को जनवरी 2015 में प्रदान किया गया? **– बुक ऑफ कॉमन साइन्स (Book of Common Signs)**
- पहला चार्ल्सटन ईएफजी जॉन मेनार्ड कीन्स (Charleston EFG John Maynard Keynes) प्राइज 2015 में किस नोबल पुरस्कार प्राप्त अर्थशास्त्री को प्रदान किया गया ? **– अमर्त्य सेन**
- मणिपुर की काबुइ (Kabui) जनजाति की किस महिला स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी का जनवरी 2015 में इम्फाल में जन्म शताब्दी समारोह आयोजित किया गया ? **– रानी गैदिन्लियू (Rani Gaidinliu)**
- भारत की विदेश सचिव सुजाता सिंह को पद से हटाकर किसे नया विदेश सचिव जनवरी 2015 में नियुक्त किया गया है ? **– एस. जयशंकर**
- नृत्यांगना लीला सैमसन द्वारा केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दिए जाने के बाद किसे इस बोर्ड का अध्यक्ष जनवरी 2015 में नियुक्त किया गया ? **– पहलाज निहलानी**
- भारतीय जनता पार्टी के किस वरिष्ठ नेता को पद्म विभूषण देने की घोषणा 26 जनवरी, 2015 के गणतन्त्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति भवन से जारी विज्ञप्ति में की गयी ? **– लालकृष्ण आडवाणी**
- कोलम्बिया की किस सुन्दरी को अमरीका में मियामी में जनवरी 2015 में आयोजित प्रतियोगिता में वर्ष 2014 की मिस यूनिवर्स (Miss Universe) चुना गया ? **– पॉलिना वेगा (Paulina Vega)**

- लेखिका झुम्पा लाहिड़ी की किस पुस्तक को दक्षिण एशिया क्षेत्र का साहित्य का 50,000 डॉलर का प्रतिष्ठित डी एस सी प्राइज जनवरी 2015 में प्रदान किया गया ? **– द लोलैण्ड (The Lowland)**
- पद्म भूषण, पद्म विभूषण व रेमन मैग्ससे पुरस्कार से सम्मानित किस कार्टूनिस्ट का जनवरी 2015 में निधन हो गया ? **– आर. के. लक्ष्मण**

●●●



# स्मरणीय तथ्य



## राष्ट्रीय

1. विरासत शहरों के लिए केन्द्रीय सरकार ने 21 जनवरी, 2015 को कौनसी योजना का प्रारम्भ किया ? **– हृदय (HRIDAY)**

☛ *केन्द्र सरकार ने भारत के प्राचीन 12 नगरों के सर्वोन्मुखी विकास एवं ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण के लिए 'हृदय' (HRIDAY– Heritage Development and Augmentation Yojana) प्रारम्भ की है. ₹ 500 करोड़ की इस योजना में 12 नगर–मथुरा, गया, अजमेर, अमृतसर, अमरावती, बादामी, द्वारिका, वारंगल, पुरी, कांचीपुरम्, वाराणसी एवं वेलंकन्नी सम्मिलित किए गए हैं.*

2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी, 2015 में हरियाणा के पानीपत शहर में कन्याओं के लिए किस योजना का प्रारम्भ किया? **– बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ**

☛ *लड़कों की अपेक्षा लड़कियों की संख्या कम होने के कारण बढ़ते लिंगानुपात को कम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' राष्ट्रीय योजना का प्रारम्भ हरियाणा में पानीपत में 22 जनवरी, 2015 से किया. इस योजना द्वारा लड़कियों के अस्तित्व, संरक्षण एवं सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा. इसके साथ ही 'सुकन्या समृद्धि योजना' भी प्रारम्भ की जिसमें माता-पिता लड़की के नाम 10 वर्ष की कम आयु में भी बैंक खाता खोल सकेंगे.*

3. भारत में 2014 तक बाघों की संख्या सरकार द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार कितनी है? **– 2,226**

☛ *केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावडेकर द्वारा देश भर में बाघों की संख्या पर 2014 की रिपोर्ट 20 जनवरी, 2015 को जारी की जिसके अनुसार बाघों की संख्या 2226 है. 2010 में बाघों की कुल संख्या लगभग 1706 आँकी गई थी. इस प्रकार 2010 की बाघों की गणना के बाद 2014 तक इनकी संख्या में लगभग 30 प्रतिशत वृद्धि हुई है.*

4. भारत के फिल्म सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष पद पर किस फिल्म निर्माता को जनवरी 2015 में नियुक्त किया गया है? **– पहलाज निहलानी**

☛ *फिल्म सेंसर बोर्ड की अध्यक्ष लीला सैमसन के त्यागपत्र के बाद रिक्त हुए अध्यक्ष पद पर प्रसिद्ध फिल्म निर्माता पहलाज निहलानी को नियुक्त किया गया है. बोर्ड के अन्य नियुक्त नए सदस्यों में चन्द्र प्रकाश द्विवेदी सम्मिलित हैं.*

---

5. किस अधिकारी को भारत का नया मुख्य निर्वाचन आयुक्त जनवरी 2015 में नियुक्त किया गया है? **– एच. एस. ब्रह्मा**

☛ *भारत के निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ निर्वाचन आयुक्त एच. एस. ब्रह्मा को नया मुख्य निर्वाचन आयुक्त जनवरी 2015 में नियुक्त किया है. यह पद निवर्तमान मुख्य निर्वाचन आयुक्त वी. एस. सम्पत के अवकाश ग्रहण करने के कारण रिक्त हुआ था.*

6. किस वैज्ञानिक को भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) का नया चेयरमैन जनवरी 2015 में नियुक्त किया गया है? **– ए.एस. किरण कुमार**

☛ *स्पेस एप्लीकेशन सेन्टर, अहमदाबाद के निदेशक ए. एस. किरण कुमार को जनवरी 2015 में 'इसरो' (ISRO–Indian Space Research Organisation) का चेयरमैन नियुक्त किया गया है. इन्होंने के. राधाकृष्णन का स्थान लिया है. ए. एस. किरण कुमार इसरो के साथ-साथ अन्तरिक्ष विभाग (Department of Space) के सचिव और अन्तरिक्ष आयोग (Space Commission) के चेयरमैन भी होंगे.*

7. भारत के किस राज्य में पंचायती राज संस्थाओं में उम्मीदवारों के लिए चुनाव में भाग लेने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का विधिवत् प्रावधान किया है? **– राजस्थान**

☛ *राजस्थान में राजस्थान पंचायती राज (द्वितीय संशोधन) ऑर्डीनेंस, 2014 द्वारा दिसम्बर 2014 में पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में प्रत्याशी होने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की है. इसके अनुसार सरपंच के लिए कक्षा आठ पास तथा जिला परिषद् या पंचायत समिति में पद के लिए कक्षा दस पास होना आवश्यक है. राजस्थान में जनवरी-फरवरी 2015 में स्थानीय संस्थाओं के चुनाव सम्पन्न हुए हैं.*

8. योजना आयोग के स्थान पर नियुक्त नीति आयोग का उपाध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है? **– अरविंद पनगढ़िया**

☛ *जनवरी 2015 में योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग (NITI–National Institution for Transforming India) का गठन किया गया है जिसके अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं; उपाध्यक्ष अर्थशास्त्री अरविंद पनगढ़िया तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) सिन्धुश्री खुल्लर को नियुक्त किया गया है.*

9. जनवरी 2015 में गुजरात में आयोजित प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में मुख्य अतिथि कौन था? **– डोनाल्ड रामोतार (गुयाना)**

☛ *प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन जनवरी 2015 में गुजरात में गांधीनगर में आयोजित किया गया जिसमें गुयाना के राष्ट्रपति डोनाल्ड रामोतार मुख्य अतिथि थे. सम्मेलन का थीम था– ''भारत को जानो तथा भारत को मानो''. 15 प्रवासी भारतीयों को सम्मेलन में 'प्रवासी भारतीय दिवस सम्मान' भी प्रदान किया गया.*

10. भारतीय डाक ने जनवरी 2015 में किस सेवा के सम्मान में एक विशेष पोस्टल कवर जारी किया है? **– डब्बावाला**

☛ *महाराष्ट्र में मुम्बई में घरों से खाना लेकर ऑफिस में कर्मचारियों तक पहुँचाने में सफल लगभग 5000 'डब्बावालों' के सम्मान में भारतीय डाक (Indian Post) ने विशेष पोस्टल कवर मुम्बई में जारी किया है.*

11. गांधीनगर में आयोजित प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के दौरान जनवरी 2015 में किसकी स्मृति में दो डाक टिकट जारी किए गए? **– महात्मा गांधी**

☛ *गांधीजी को अफ्रीका से वापस आने के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गांधीनगर, गुजरात में जनवरी 2015 में प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन आयोजित किया गया था. इसी समय गांधीजी की स्मृति में ₹ 25 तथा ₹ 5 के दो डाक टिकट तथा साथ ही ₹ 100 तथा ₹ 10 मूल्य वर्ग के दो सिक्के भी जारी किए गए.*

## अन्तर्राष्ट्रीय

1. वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की वार्षिक बैठक जनवरी 2015 में कहाँ आयोजित की गई? **– दावोस (स्विट्जरलैण्ड)**

☛ *स्विट्जरलैण्ड में दावोस में वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम (WEF) की वार्षिक बैठक आयोजित की गई जिसमें विश्व के व्यापारी, मंत्री, प्रतिनिधि एवं राष्ट्र अध्यक्षों ने भाग लिया. इस बैठक में बायोटेक्नोलॉजी, खाद्यान्न, जल और ऊर्जा की निरन्तरता एवं संरक्षण पर विचार-विमर्श हुआ.*

2. किस क्रिकेट खिलाड़ी ने जनवरी 2015 में एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक तेज शतक बनाने का रिकॉर्ड बनाया? **– एबी डी विलियर्स (AB de Villiers)**

☛ *दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एबी डी विलियर्स ने जोहनसबर्ग में वेस्टइंडीज के विरुद्ध खेलते हुए 31 गेंदों में 100 रन बनाकर रिकॉर्ड स्थापित किया. इनसे पूर्व न्यूजीलैण्ड के कोरे एण्डरसन ने जनवरी 2014 में वेस्टइंडीज के विरुद्ध क्वीन्सटाउन में खेलते हुए 36 गेंदों में शतक बनाया था.*

3. अन्तर्राष्ट्रीय फुटबाल महासंघ (FIFA) द्वारा वर्ष 2014 का सर्वश्रेष्ठ फुटबालर का पुरस्कार किस खिलाड़ी को दिया गया है? **– क्रिस्टियानो रोनाल्डो**

☛ *अन्तर्राष्ट्रीय फुटबाल महासंघ (FIFA) द्वारा रियल मैड्रिड के लिए खेलने वाले पुर्तगाल के फुटबाल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो को वर्ष 2014 के सर्वश्रेष्ठ फुटबालर का बैलन डि ऑर (Ballon d' Or) पुरस्कार जनवरी 2015 में प्रदान किया गया. सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबालर का पुरस्कार जर्मनी की नादिन केस्लर को प्रदान किया गया.*

4. इंडियन-अमरीकन लेखिका झुम्पा लाहिड़ी ने अपनी किस पुस्तक के लिए साहित्य का डी एस सी प्राइज जनवरी 2015 में जीता है? **– द लोलैण्ड (The Lowland)**

☛ *दक्षिण एशिया क्षेत्र का साहित्य का 50,000 डॉलर का प्रतिष्ठित डीएससी (DSC) प्राइज झुम्पा लाहिड़ी की पुस्तक 'द लोलैण्ड' को जनवरी 2015 में प्रदान किया गया है.*

5. पुरुषों तथा महिलाओं की मिश्रित टीम टेनिस की विश्व चैम्पियनशिप का हॉपमैन कप किस राष्ट्र की टीम ने पहली बार जीता है? **– पोलैण्ड**

☛ *आस्ट्रेलिया में पर्थ में जनवरी 2015 में आयोजित मिश्रित टेनिस की विश्व चैम्पियनशिप का हॉपमैन कप (Hopman Cup) पोलैण्ड ने फाइनल में अमरीका को हराकर जीता. पोलैण्ड ने यह कप पहली बार ही जीता है.*

6. भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका में जनवरी 2015 में सम्पन्न राष्ट्रपति पद के लिए चुनावों में कौन विजयी रहा? **– मैत्रिपाल सिरिसेना**

☛ *श्रीलंका में राष्ट्रपति पद के लिए सम्पन्न चुनाव में निवर्तमान राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे को हराकर उन्हीं के सहयोगी रहे मैत्रिपाल सिरिसेना (Maithripala Sirisena) जनवरी 2015 में राष्ट्रपति नियुक्त हुए हैं.*

7. फ्रांस के किस समाचार-पत्र के कार्यालय में घुसकर आतंकवादियों ने जनवरी 2015 में 12 लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी? **– चार्ली एब्दो (Charlie Hebdo)**

☛ *फ्रांस की प्रसिद्ध व्यंग्यात्मक साप्ताहिक पत्रिका चार्ली एब्दो में मुस्लिम समुदाय से सम्बन्धित कार्टून छापने से नाराज दो आतंकवादियों ने पत्रिका के पेरिस स्थित कार्यालय में घुसकर 10 पत्रकारों सहित 12 लोगों की गोली चलाकर हत्या जनवरी 2015 में कर दी. इस घटना की पूरे विश्व में निंदा की गई.*

8. दिसम्बर 2014–जनवरी 2015 में आस्ट्रेलिया में खेले गए अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी किस देश ने जीती? **– आस्ट्रेलिया**

☛ *भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी सुनील गावस्कर एवं आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलन बॉर्डर के संयुक्त नाम से स्थापित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जनवरी 2015 में सिडनी में चौथे टेस्ट के अनिर्णीत रहने के बाद आस्ट्रेलिया ने टेस्ट शृंखला 2–0 से जीतकर प्राप्त की. मैन ऑफ द सीरीज का अवार्ड आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को प्रदान किया गया.*

9. स्विट्जरलैण्ड के किस टेनिस खिलाड़ी ने अपने कैरियर की 1000वीं विजय जनवरी 2015 में प्राप्त की? **– रोजर फेडरर**

☛ *रोजर फेडरर ने ब्रिसबेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के फाइनल में कनाडा के मिलोस राओनिक को हराकर विजय प्राप्त की. यह विजय फेडरर की अपने कैरियर की 1000वीं विजय थी. इनसे पूर्व केवल जिम्मी कॉनर्स (1253) और इवान लेंडल (1071) ने अपने कैरियर में 1000 से अधिक विजय प्राप्त की है. ब्रिसबेन इंटरनेशनल में विजय फेडरर की 83वीं खिताबी विजय थी.*

10. 18 जनवरी, 2015 को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने किस देश को इबोला वायरस बीमारी से मुक्त घोषित किया है? **– माली**

☛ *विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 42 दिन तक कोई भी इबोला वायरस से ग्रसित व्यक्ति माली में न पाए जाने पर माली को इस बीमारी से मुक्त घोषित किया है. माली इस प्रकार का तीसरा देश है. इससे पूर्व नाइजीरिया तथा सेनेगल को इबोला वायरस जनित बीमारी से मुक्त घोषित किया जा चुका है.*

11. सऊदी अरब में किस व्यक्ति को वहाँ का शासक जनवरी 2015 में नियुक्त किया गया है? **– सलमान बिन अब्दुल अजीज**

☛ *सऊदी अरब के शासक किंग अब्दुल्ला की जनवरी 2015 में मृत्यु हो जाने के बाद सलमान बिन अब्दुल अजीज को वहाँ का शासक नियुक्त किया गया है.* ●●●



# समसामयिक महत्वपूर्ण तथ्य

- आस्ट्रेलिया में पर्थ में जनवरी 2015 में किस देश ने टेनिस का हॉपमैन कप अमरीका को हराकर जीता? **– पोलैण्ड**
- फ्रांस की किस पत्रिका के पत्रकारों को जनवरी 2015 में आतंकवादियों ने ऑफिस में घुसकर मार दिया ? **– चार्ली हेब्दो (Charlie Hebdo)**
- भारत के किस राज्य में नवम्बर-दिसम्बर में सम्पन्न विधान सभा चुनावों में किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत न मिलने के कारण जनवरी 2015 में राज्यपाल शासन (राष्ट्रपति शासन) लगा दिया गया? **– जम्मू-कश्मीर**
- झारखण्ड में विधान सभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत प्राप्त हुआ. दिसम्बर 2014 में किसे मुख्यमंत्री बनाया गया? **– रघुवर दास**
- चेन्नई में जनवरी 2015 में आयोजित 63वीं राष्ट्रीय वॉलीबाल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में किसने जीती? **– रेलवे**
- पाकिस्तान के किस शहर में आतंकवादियों ने दिसम्बर 2014 में एक आर्मी स्कूल में 100 से अधिक बच्चों को गोली से मार दिया? **– पेशावर**
- ब्रिटेन की किस महिला को दिसम्बर 2014 में ब्रिटेन की पहली महिला बिशप नियुक्त किया गया? **– रेवरेंड लिब्बी लेन (Reverend Libby Lane)**
- भारत की किस महिला मुक्केबाज को अन्तर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (International Boxing Federation) द्वारा दिसम्बर 2014 में एक वर्ष के लिए सभी अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबन्धित कर दिया? **– सरिता देवी**
- मुम्बई में दिसम्बर 2014 में पहला इंडियन सुपरलीग फुटबाल टूर्नामेंट किसने जीता? **– एटलेटिको डी कोलकाता**
- भारत के क्रिकेट टीम के सफलतम कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने किस प्रकार के अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल से संन्यास लेने की घोषणा दिसम्बर 2014 में की? **– टेस्ट क्रिकेट**
- चेन्नई ओपन टेनिस चैम्पियनशिप स्विट्जरलैण्ड के किस खिलाड़ी ने जनवरी 2015 में जीती? **– स्टान वावरिंका**
- इसरो (Indian Space Research Organisation) तथा अन्तरिक्ष आयोग (Space Commission) का अध्यक्ष जनवरी 2015 में किसे नियुक्त किया गया है? **– ए.एस. किरण (A.S. Kiran)**
- तमिलनाडु की राजनीतिक पार्टी द्रविण मुनेत्र कड़गम (DMK) का प्रेसीडेंट जनवरी 2015 में किसे बनाया गया है? **– एम. करुणानिधि**
- श्रीलंका में जनवरी 2015 में राष्ट्रपति के लिए सम्पन्न चुनावों के बाद किसे राष्ट्रपति नियुक्त किया गया है? **– मैत्रीपाला सिरिसेना (Maithripala Srisena)**
- टाटा-सिंगापुर एयरलाइन्स (Tata SIA Airlines) की संयुक्त नई एयरलाइन कम्पनी कौनसी है जिसकी पहली यात्री विमान सेवा दिल्ली से मुम्बई जनवरी 2015 में प्रारम्भ हुई? **– विस्तार (Vistara)**
- रितेश बत्रा द्वारा निर्देशित कौनसी हिन्दी फिल्म ब्रिटिश एकेडेमी फिल्म एण्ड टेलीविजन अवार्ड्स (BAFTA) के लिए जनवरी 2015 में नामित की गई है? **– लंचबॉक्स (Lunchbox)**
- भारत का 19वाँ राष्ट्रीय युवा महोत्सव (National Youth Festival) जनवरी 2015 में कहाँ आयोजित हुआ? **– गुवाहाटी (असम)**
- उत्तराखण्ड में जनवरी 2015 में किसे राज्य का राज्यपाल नियुक्त किया गया है? **– कृष्ण कांत पॉल**
- इंडियन साइंस कांग्रेस का वार्षिक सम्मेलन जनवरी 2015 में कहाँ आयोजित किया गया? **– मुम्बई**
- भारत के पुरातत्व विभाग (Archaeological Survey of India) ने उत्तर प्रदेश के किस स्थान पर बागपत जिले में खुदाई में गंगा-जमुना दोआब में हड़प्पा काल के बाद की सभ्यता (लगभग 4000 वर्ष पूर्व) के अवशेष प्राप्त किए हैं? **– चंदायन (तहसील–बड़ौत)**
- भारत के रेलवे बोर्ड का नया चेयरमैन दिसम्बर 2014 में किसे नियुक्त किया गया है? **– ए. के. मित्तल**
- भारत की अन्तरिक्ष एजेंसी 'इसरो' (ISRO) ने किस स्वदेश निर्मित प्रक्षेपण यान द्वारा एक क्रू मॉड्यूल (Crew Module) का प्रक्षेपण कर उसे वापस पृथ्वी पर लाने में सफलता दिसम्बर 2014 में प्राप्त की? **– जीएसएलवी-मार्क 3**
- भारत ने कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिप बिल्डर्स एण्ड इंजीनियर्स लि. में निर्मित किस युद्धपोत को मॉरीशस को दिसम्बर 2014 में बेचा है? **– सीजीएस बराकुदा (Barracuda)**
- महामना मदन मोहन मालवीय के साथ किस पूर्व प्रधानमंत्री को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारतरत्न से सम्मानित किया गया? **– अटल बिहारी वाजपेयी**
- साहित्य अकादमी ने वर्ष 2014 के साहित्य अकादमी पुरस्कार से हिन्दी उपन्यास 'विनायक' के किस लेखक को सम्मानित किया है? **–रमेशचन्द्र शाह**
- पंजाब में दिसम्बर 2014 में आयोजित कबड्डी विश्व कप टूर्नामेंट के पुरुष एवं महिला खिताब किस देश ने जीते? **– भारत**
- आई.सी.सी. विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन फरवरी-मार्च 2015 में संयुक्त रूप से किन दो देशों की मेजबानी में होने जा रहा है? **– आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैण्ड**

●●●

NEXT PAGE

क्या आपको हमारा किया जा रहा प्रयास अच्छा लगा तो जरूर बताइए. और क्या- क्या सामग्री इस ब्लॉग पर आपको चाहिए कृपया सुझाव दे , मै कोशिश करूँगा उन्हें पूरा करने का.

Email- singh.dinesh541@gmail.com

Logon http://majhaura.blogspot.in/

9510731043



<<<<<THANKS>>>>>